C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 304 | बिजौलिया - बुधवार, 13 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान के स्कूलों में पढ़ाई जाएगी राजस्थानी भाषा, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दिए निर्देश

### 30 सितंबर तक मांगी पालना रिपोर्ट, शिक्षा व्यवस्था में क्षेत्रीय भाषा को शामिल करने पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में अब राजस्थानी भाषा को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए कि प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में भी राजस्थानी भाषा को शामिल करने के लिए नीति बनाई जाए। कोर्ट ने सरकार से 30 सितंबर तक इस संबंध में पालना रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इस आदेश को प्रदेश में मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



मामला पदम मेहता व अन्य की ओर से दायर याचिका से जुड़ा है, जिस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजस्थानी भाषा का ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत समृद्ध है तथा इसे प्रदेश की सम्पूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था में शामिल करने के लिए राज्य सरकार को उचित नीति बनानी चाहिए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राजस्थानी भाषा करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाती है और इसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा रही है। इसके बावजूद अब तक इसे शिक्षा प्रणाली और ऋश्वश्वज्ञ जैसी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में पर्याप्त स्थान नहीं मिला। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि राजस्थान विधानसभा ने 25 अगस्त 2003 को प्रस्ताव पारित कर राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की अनुशंसा पहले ही कर दी थी।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि यह विषय सरकार के नीतिगत निर्णय से जुड़ा हुआ है और राज्य सरकार इस पर उचित समय पर निर्णय लेगी। साथ ही सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने कभी राजस्थानी भाषा को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने का विरोध नहीं किया। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि वर्तमान में राजस्थानी भाषा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के स्वीकृत पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है, इसी कारण इसे ऋश्वश्वज्ञ परीक्षा में भी शामिल नहीं किया गया। हालांकि सरकार ने यह भी अवगत कराया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में शिक्षा और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने को लेकर चरणबद्ध तरीके से विचार किया जा रहा है।

## बलात्कार के आरोपी को 7 साल का कठोर कारावास, केस ऑफिसर स्कीम में हुई प्रभावी पैरवी

### महिला उत्पीड़न मामले में न्यायालय का सख्त फैसला, आरोपी पर जुर्माना भी लगाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

महिला उत्पीड़न न्यायालय ने बलात्कार और ब्लैकमेलिंग के मामले में आरोपी सिद्धार्थ उर्फ राहुल चारण को दोषी मानते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला केस ऑफिसर स्कीम के तहत मॉनिटर किया जा रहा था, जिसके चलते पुलिस की प्रभावी पैरवी और गवाहों की समय पर पेशी से आरोपी को सजा दिलाई जा सकी।

पुलिस के अनुसार थाना सुभाषनगर में 11 अप्रैल 2018 को मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी सिद्धार्थ उर्फ राहुल चारण पुत्र बहादुर सिंह चारण निवासी बड़ी रायूनर हाल चंद्रशेखर आजाद नगर, भीलवाड़ा के खिलाफ आरोप प्रमाणित पाए जाने पर न्यायालय में चालान पेश किया गया।

महिला अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर इस मामले को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल किया गया। मामले की जांच और पैरवी के लिए एएसआई रामप्रसाद को केस ऑफिसर नियुक्त किया गया, जबकि सुपरविजन थाना प्रभारी कैलाश कुमार बिश्नोई और त्वरित अनुसंधान सेल के हेमंत आरपीएस द्वारा किया गया।

जिला स्तर पर गठित केस ऑफिसर सेल द्वारा पूरे प्रकरण की लगातार निगरानी की गई। गवाहों को समय पर न्यायालय में पेश करवाया गया तथा अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी सुनिश्चित की गई। मामले में अभियोजन की ओर से एडीपी कृष्णकांत शर्मा ने पैरवी की।

महिला उत्पीड़न प्रकरण न्यायालय, ने मंगलवार को आरोपी को धारा 376(2)(एन) भादसं में 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए जुर्माने तथा धारा 384 भादसं में 2 वर्ष के कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को महिला अपराधों के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है।

## जोजवा में दिनदहाड़े सूने मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

### साढ़े सात तोला सोना, सवा दो किलो चांदी और 20 हजार रुपए लेकर फरार हुए चोर

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

थाना क्षेत्र के जोजवा गांव में दिनदहाड़े सूने मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी चोरी कर ले गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों की तलाश में क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई। जानकारी के अनुसार जोजवा निवासी कन्हैयालाल पुत्र चुन्नीलाल कुमावत के घर में दोपहर के समय कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए और कमरों में रखे लोहे के बक्से को तोड़कर उसमें रखे आभूषण एवं नकदी चुरा ले गए।

चोरी गए सामान में करीब एक किलो चांदी की डली, एक किलो चांदी की कड़ियां, करीब ढाई सौ ग्राम चांदी के पायजेब, तीन तोला सोने का बाजूबंद, दो रामनवमी, दो मांदलिया तथा करीब 20 हजार रुपए की नकदी शामिल है।



कुछ समय बाद जब गृहस्वामी घर लौटे तो टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जय सुल्तान पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव के बीच स्थित मकान में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## साईबर पुलिस की बड़ी कार्यवाही,डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग दंपति से 32.75 लाख की ठगी, गुरुग्राम का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

जिले में 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर बुजुर्ग दंपति को डरा-धमका कर लाखों रुपये हड़पने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भीलवाड़ा साइबर थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में गुरुग्राम के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अपराधी अनिल कुमार उर्फ नन्हे को गिरफ्तार किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते न केवल आरोपी सलाखों के पीछे पहुंचा, बल्कि ठगी गई राशि में से करीब 16.36 लाख रुपये बैंक खातों में होल्ड करवा दिए गए हैं, जिन्हें अब पीडित को वापस लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

साइबर थाना प्रभारी रामशरण ने कहा कि संजय कॉलोनी में रहने वाले प्रहलाद राय सोडाणी ने एक रिपोर्ट पेश की जिसमे उन्होंने बताया कि वो 2010 में भीलवाड़ा डेयरी के अकाउंटेंट के पोस्ट से रिटायर्ड हुए थे। उनके नंबर पर एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि उनके आधार कार्ड से मुंबई में एक सिम कार्ड जारी हुआ है जिससे लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजे गए हैं।उसके बाद से लगातार अलग-अलग नंबर से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके सीबीआई, जज और पुलिस अधिकारी बनकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया ओर उनके खाते से कुल 32 लाख 75 हजार रूपए अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए थे । इस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टेक्निकल जांच से मुलजिम की पहचान की। विशेष टीम के द्वारा मुस्लिम की तलाश शुरू की गई और कई जगह दबिश देने के बाद आरोपी अनिल कुमार उर्फ नन्हे पिता लेखराज निवासी गुरुग्राम हरियाणा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया हैं जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ा गया आरोपी मामूली अपराधी नहीं, बल्कि गुरुग्राम के सेक्टर 9ए थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पहले से ही 15 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड में उसे 'बैड कैरेक्टर' के रूप में दर्ज किया गया है।

पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल पर मुंबई से एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक सिम कार्ड जारी किया गया है, जिससे महिलाओं और लड़कियों को अश्लील संदेश भेजे जा रहे हैं। आरोपी ने पीड़ित का आधार नंबर, नाम और पता भी बताया, जिससे वह घबरा गया।इसके बाद मुझे डिजिटल अरेस्ट में रखकर किसी को भी जानकारी नहीं देने की धमकी दी । यहां तक कि परिवार और बच्चों से भी बात करने से मना कर दिया गया। आरोपियों ने खुद को सरकारी अधिकारी बताते हुए भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट के नाम की फर्जी रसीदें भेजीं और कहा कि जांच पूरी होने के बाद 72 घंटे में राशि वापस कर दी जाएगी। डर और दबाव में आकर मैंने अलग-अलग आरटीजीएस के जरिए कुल 32 लाख 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

दो दिन रविवार होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। सोमवार को जब पीड़ित ने दोबारा फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद मैंने अपने बच्चों को पूरी जानकारी दी। मामला ठगी का होने का पता चलने पर परिवार ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, टोपीदार बंदूक जब्त

### शिकार की टोह में बैठा था आरोपी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक टोपीदार एकनाल बंदूक जब्त की है। कार्रवाई लोकल स्पेशल एक्ट के तहत गश्त के दौरान की गई।

पुलिस ने बताया की ए एस आई नरेश कुमार मय जाप्ता गश्त पर थे। इस दौरान सतकुड़िया चौराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि आंटी माताजी मंदिर के पास एक व्यक्ति शिकार की नीयत से बंदूक लेकर बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर उठने लगा। पूछताछ में उसने अपना नाम पप्पू लाल पिता लूम्बा भील (34) निवासी दानपुरा, बिजौलिया बताया।

पुलिस ने आरोपी से बंदूक रखने का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जप्त बंदूक टोपीदार एकनाल की कुल लंबाई करीब 137 सेंटीमीटर बताई गई है। जांच में बंदूक के सभी पुर्जे चालू हालत में पाए गए। पुलिस ने हथियार को जब्त कर मालखाने में जमा कराया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ई-साक्ष्य एप के माध्यम से वीडियोग्राफी भी करवाई तथा बीएनएसएस की कानूनी प्रक्रिया की पालना की गई। मामले में आर्म्स एक्ट के  तहत प्रकरण दर्ज कर आगे का अनुसंधान हेड कांस्टेबल विजय सिंह को सौंपा गया है।

## तालाब में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत, नहाने गया था घर से


### कपड़े और चप्पल देखकर लोगों को हुई शंका, गोताखोरों ने आधे घंटे बाद निकाला शव

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

जिले के पुर कस्बे में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसे में तालाब में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक घर से नहाने के लिए तालाब पर गया था, लेकिन गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। तालाब किनारे उसके कपड़े और चप्पल पड़े देख राहगीरों को शंका हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी।घटना पुर थाना क्षेत्र के खेल मोहल्ला पुर की है। जानकारी के अनुसार मजहर अली (12) पुत्र हैदर अली मंगलवार शाम करीब 5 बजे घर से तालाब पर नहाने के लिए निकला था।





बताया जा रहा है कि तालाब की गहराई अधिक होने के कारण वह पानी में डूब गया। तालाब की ओर से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर किनारे पड़े बच्चे के कपड़ों और चप्पलों पर पड़ी तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुर थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने बच्चे को पानी से बाहर निकाला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया है। बुधवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

C M Y K

# 13 मई को बिजौलिया में विशाल रक्तदान महाशिविर, 3000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

## विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट का सेवा संकल्प, अब तक 21 हजार यूनिट से अधिक रक्तदान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**(नरेश धाकड़)।** विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 13 मई को नगर में विशाल रक्तदान महाशिविर आयोजित किया जाएगा। 'अबकी बार तीन हजार पार' के संकल्प के साथ आयोजित होने वाला यह महाशिविर राजस्थान के सबसे बड़े रक्तदान आयोजनों में शामिल होने जा रहा है।

ट्रस्ट द्वारा अब तक आयोजित विभिन्न रक्तदान शिविरों में 21 हजार यूनिट से अधिक रक्त संग्रहित किया जा चुका है, जिससे हजारों जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिला है। इसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार 3000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वर्गीय विवेक धाकड़ ने अपने सार्वजनिक जीवन में हमेशा गरीब, जरूरतमंद और आमजन की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके सेवा संस्कारों को ट्रस्ट आज विभिन्न जनकल्याणकारी अभियानों के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। रक्तदान महाशिविर अब क्षेत्र में मानवता, सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है।

विशेषज्ञों के अनुसार गर्भावस्था, प्रसव, ऑपरेशन एवं एनीमिया जैसी परिस्थितियों में महिलाओं को रक्त की अधिक आवश्यकता होती है। इसके अलावा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, दुर्घटना ग्रस्त मरीजों एवं आपातकालीन रोगियों के लिए रक्त अमूल्य साबित होता है।

महाशिविर से एकत्रित रक्त राजस्थान के प्रमुख अस्पतालों एवं ब्लड बैंकों में भेजा जाएगा। इनमें एसएमएस ट्रॉमा सेंटर जयपुर, शांति ब्लड बैंक जयपुर, पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर, अग्रवाल ब्लड सेंटर कोटा, कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक कोटा, अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा, रामस्नेही हॉस्पिटल भीलवाड़ा, महात्मा गांधी हॉस्पिटल भीलवाड़ा एवं कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक सहित अन्य संस्थान शामिल हैं।

शिविर का आयोजन श्री विवेक आदर्श धाकड़ विद्यापीठ संस्थान परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। भीषण गर्मी के बावजूद क्षेत्रभर में युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों में आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

ट्रस्ट अध्यक्ष ने बताया कि महाशिविर को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाया गया है तथा बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है।

# गांव-गांव पहुंचा 'ग्राम रथ', अरवड़ की रात्रि चौपाल में गूंजी जनसमस्याएं

## विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, योजनाओं का लाभ लेने की अपील





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए निकली 'ग्राम रथ यात्रा' जब नई अरवड़ पहुंची तो आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। पानी, सड़क, बिजली, पेंशन, खेती की जमीन के रास्ते और आवास जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताई।

चौपाल में मौजूद शाहपुरा-बनेड़ा विधायक लालाराम बैरवा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कई मामलों में त्वरित कार्रवाई कर राहत दिलाने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश स्तरीय रथ यात्रा निगरानी समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि गांवों का समग्र विकास तभी संभव है जब ग्रामीण स्वयं योजनाओं में भागीदारी निभाएं और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

ग्राम रथ यात्रा का काफिला पनोतिया, देवरिया, सांगरिया, बावड़ी, ईटड़िया और अरवड़ क्षेत्र तक पहुंचा। अरवड़ में आयोजित रात्रिकालीन कार्यक्रम में कला जत्था द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं जनजागरूकता संदेशों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। ग्रामीणों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति शाहपुरा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सूर्यप्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर रथ यात्रा प्रभारी आजाद शर्मा, भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, कैलाश धाकड़, रामलाल गुर्जर, महादेव गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, शिवराज कुमावत, बजरंग सिंह राणावत एवं एरीलाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इसके अलावा प्रशासक किस्मत गुर्जर, सम्पत्ति देवी, महादेव गुर्जर एवं शिमला गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारियों में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश, तहसीलदार रामदेव धाकड़, विकास अधिकारी प्रकाशचंद्र स्वर्णकार, सहायक विकास अधिकारी मिश्रीलाल कोली एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चौपाल के अंत में विधायक डॉ. बैरवा ने क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ने तथा जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

# भगवान ने जितना दिया है उसमें संतुष्ट रहना चाहिए : सत्यनारायण महाराज

## गेगा का खेड़ा में भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सुनी सती अनुसूया की कथा

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक** निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य सत्यनारायण महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संतोष का संदेश दिया। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के लिए हर संभव कार्य करने को सदैव तत्पर रहते हैं। मनुष्य को भगवान की इच्छा को ही अपनी इच्छा मानकर जीवन में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव विचारशील प्राणी है, इसलिए किसी भी कार्य को करने से पहले उसके परिणामों के बारे में अवश्य विचार करना चाहिए।



उन्होंने श्रद्धालुओं से हर कार्य के आरंभ से पूर्व भगवान का स्मरण करने और निरंतर प्रभु चिंतन में रहने का आह्वान किया। महाराज ने कहा कि जीवन की हर परिस्थिति में भगवान का धन्यवाद करना चाहिए तथा भगवान ने जितना दिया है, उसमें संतुष्ट रहना चाहिए।

भागवताचार्य ने कहा कि निरंतर अभ्यास से मन को वश में किया जा सकता है तथा प्रेम के बिना जीवन के सभी सुख फीके लगते हैं। कथा के दौरान सती अनुसूया प्रसंग एवं भगवान शिव विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसका श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से श्रवण किया।

# डिजिटल अरेस्ट कर 32.75 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## साइबर थाना की बड़ी कार्रवाई, 13.46 लाख रुपए रिफंड कराने के आदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

साइबर थाना भीलवाड़ा ने डिजिटल अरेस्ट कर लाखों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के गुरुग्राम का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विभिन्न बैंक खातों में 16.36 लाख रुपए होल्ड करवाए, जिनमें से 13.46 लाख रुपए पीड़ित को वापस दिलाने के लिए न्यायालय से आदेश प्राप्त किए गए हैं।

पुलिस ने साइबर थाना प्रभारी आयुष क्षोत्रिय के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक रामशरण के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया ।

पुलिस ने बताया की प्रहलाद राय सोडानी (74) निवासी संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दी कि मार्च 2026 में उन्हें कॉल कर बताया गया कि उनके आधार कार्ड से मुंबई में एक सिम जारी हुआ है, जिससे आपत्तिजनक संदेश भेजे गए हैं। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से वीडियो कॉल कर खुद को सीबीआई जज और पुलिस अधिकारी बताकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया गया।

आरोपियों ने धमकाकर 7 अप्रैल 2026 को प्रार्थी के खाते से 22.50 लाख रुपए तथा 10 अप्रैल को उनकी पत्नी के बैंक खाते की एफडी तुड़वाकर 10.25 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इस तरह कुल 32.75 लाख रुपए की साइबर ठगी की गई।

मामले में साइबर थाना में प्रकरण दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान संदिग्ध आरोपी की पहचान कर पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी और गुरुग्राम निवासी अनिल कुमार उर्फ नन्हे को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-9ए गुरुग्राम में करीब 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तथा वह थाने का 'बैड कैरेक्टर' घोषित अपराधी है।

गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार उर्फ नन्हे पुत्र लेखराज (31) निवासी देवीलाल कॉलोनी, गुरुग्राम हरियाणा से पूछताछ जारी है तथा मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# साइबर अपराध एवं पोक्सो एक्ट पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशन में मंगलवार को संस्कार भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं एसबीआई बैंक परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में नालसा द्वारा संचालित 'साइबर अपराध के बारे में जागृति स्कीम-2025' के तहत 'सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य' विषय पर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को पोक्सो एक्ट 2012 तथा साइबर अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को साइबर ठगी, सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर, पीएलवी सुनीता नायक, अधिवक्ता ललिता सुवालका, इंटर्न अधिवक्ता अनन्या राव ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस दौरान संस्थापक घनश्याम सोनी, प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा, निर्देशक अध्यक्ष आदर्श सोनी, भगवती पाराशर, कविता, शाखा प्रबंधक गोपाललाल लखारा, सहायक साधना सोनी, महेंद्र कुमार, भंवरलाल चंदोलिया, पवनलाल मीणा, मदनलाल मीणा सहित कई सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गांव-गांव पहुंचेगा विकास का रथ, किसानों-पशुपालकों को बताएगा योजनाओं का सच

## 13 मई से शाहपुरा विधानसभा में शुरू होगा एलईडी मोबाइल वैन 'ग्राम रथ अभियान'

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान सरकार की किसान, पशुपालक और ग्रामीण विकास केंद्रित योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 'एलईडी मोबाइल वैन ग्राम रथ अभियान' की शुरुआत 13 मई से होने जा रही है। राज्य सरकार की विकासपरक और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने वाला यह विशेष अभियान 17 मई तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में चलेगा। अभियान का शुभारंभ बुधवार प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत मुख्यालय रहड़ से होगा, जहां शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा की मौजूदगी प्रस्तावित है।

राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषक हितैषी योजनाएं, पशुपालकों के लिए अनुदान, सिंचाई सुविधाएं, ग्रामीण रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी इस एलईडी ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाई जाएगी। रथ में आधुनिक एलईडी स्क्रीन, ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतियां और योजनाओं की जानकारी देने वाली सामग्री प्रदर्शित की जाएगी, ताकि ग्रामीण सीधे तौर पर सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें। कार्यवाहक उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार शाहपुरा भीवंराज परिहार द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 13 मई को यह रथ रहड़ से रवाना होकर दोपहर 12 बजे बच्छखेड़ा, शाम 4 बजे देवपुरी और 6 बजे लसाड़िया पहुंचेगा। वहीं 14 मई को सुबह 10 बजे चलानिया से प्रारंभ होकर लूलास, करमड़ास और ढिकोला होते हुए बनेड़ा क्षेत्र में प्रवेश करेगा।

15 मई को ग्राम रथ कंकोलिया, बबराना, खेडलिया और महुआ खुर्द में पहुंचेगा। इसके बाद 16 मई को सालरिया कलां, बालेसरिया, पायरा और बैरां में योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान के अंतिम दिन 17 मई को बामनिया, उपरेड़ा, राक्षी और मेघरास में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जहां शाम 6 बजे अभियान का समापन किया जाएगा।

तहसीलदार परिहार ने बताया कि सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सूचना देकर कार्यक्रम में उपस्थित करवाएं, ताकि आमजन को योजनाओं की वास्तविक जानकारी और लाभ दोनों मिल सकें।


विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे ग्राम रथ अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं।

# बजरी माफियाओं को पुलिस लोकेशन देने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव।** अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त माफियाओं को पुलिस की लोकेशन मोबाइल के माध्यम से देने के मामले में बड़लियास थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाप्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बड़लियास निवासी कालूलाल रेगर पुत्र छीतर रेगर (38), साजन कालबेलिया पुत्र लादूनाथ कालबेलिया (25) तथा खारों का खेड़ा निवासी मदनलाल गुर्जर पुत्र नंदलाल गुर्जर (28) को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी मोबाइल के माध्यम से बजरी माफियाओं को पुलिस की गतिविधियों एवं लोकेशन की सूचना पहुंचा रहे थे, जिससे अवैध खनन और परिवहन में लगे लोगों को कार्रवाई से बचने में मदद मिल रही थी।

थानाप्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। साथ ही पुलिस की लोकेशन साझा करने वाले विभिन्न मोबाइल ग्रुपों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

# म्यूल अकाउंट बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## साइबर फ्रॉड की रकम ट्रांसफर कराने में इस्तेमाल हो रहे थे बैंक खाते, लाखों का ट्रांजेक्शन मिला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में साइबर फ्रॉड के मामलों में इस्तेमाल हो रहे म्यूल अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना भीमगंज ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने बैंक खाते साइबर ठगों को बेचकर अपराध में सहयोग कर रहे थे। पुलिस जांच में खातों में लाखों रुपए के संदिग्ध ट्रांजेक्शन सामने आए हैं। पुलिस ने थाना प्रभारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया की साइबर फ्रॉड की राशि म्यूल अकाउंट के माध्यम से अन्य खातों में ट्रांसफर करने तथा पीओएस मशीनों से निकासी संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जांच के दौरान बाबूलाल खटीक निवासी पंचमुखी कॉलोनी, दादाबाड़ी भीलवाड़ा के राजस्थान ग्रामीण बैंक खाते के खिलाफ हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और राजस्थान में साइबर पोर्टल पर कई शिकायतें दर्ज मिलीं। इन शिकायतों के जरिए करीब ढाई लाख रुपए खाते में ट्रांसफर होना सामने आया।

जांच में सामने आया कि साइबर ठग इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लोगों से ठगी कर राशि इन खातों में ट्रांसफर करते थे। बाद में रकम यूपीआई, एटीएम और पीओएस मशीनों के जरिए निकाली या अन्य खातों में भेजी जाती थी।

पुलिस ने खातों की बैंक डिटेल और ट्रांजेक्शन का विश्लेषण कर खाताधारक बाबूलाल खटीक और उसके सहयोगी आशीष खोईवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने पैसों के लालच में अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, बैंक डायरी और मोबाइल सिम साइबर ठगों को उपलब्ध कराना स्वीकार किया।

पुलिस ने प्रकरण में बाबूलाल पुत्र गणपत लाल खटीक (30) निवासी पंचमुखी कॉलोनी, दादाबाड़ी तथा आशीष खोईवाल पुत्र भारत कुमार (22) निवासी पंचमुखी कॉलोनी, दादाबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



QUICK BITES

## पीएम आवास योजना से मालासेरी के देवीलाल का पक्के घर का सपना हुआ साकार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने का अभियान लगातार आमजन के जीवन में बदलाव ला रहा है। जिले की आसींद विधानसभा क्षेत्र के मालासेरी गांव निवासी देवीलाल मेघवंशी का भी पक्के घर का सपना योजना के तहत साकार हुआ है।

लाभार्थी देवीलाल मेघवंशी ने बताया कि पहले उनका परिवार कच्चे और जर्जर मकान में रहता था। बरसात के दिनों में छत टपकने और दीवार गिरने का भय बना रहता था, वहीं सर्दी और गर्मी में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई एवं परिवार की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत के माध्यम से आवेदन किया गया। पात्रता जांच के बाद आवास स्वीकृत हुआ तथा समय पर किस्तें मिलने से मकान निर्माण कार्य पूरा हो सका।

देवीलाल ने बताया कि अब पक्के मकान में रहने से पूरा परिवार सुरक्षित और सुकून भरा जीवन जी रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना ने गरीब परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर दिया है। जो सपना वर्षों से अधूरा था, वह अब हकीकत बन गया है।

देवीलाल मेघवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए योजना को गरीबों के लिए लाभकारी बताया।

## आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, सांसद दामोदर अग्रवाल ने भारतीय संस्कृति अपनाने का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी।** विद्या भारती शिक्षण संस्थान भीलवाड़ा द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मिट्ठूलाल शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ब्रह्मभट्ट, समिति सचिव नंदलाल धाकड़ तथा कोषाध्यक्ष नंदलाल धाकड़ पेंटर ने अतिथियों का तिलक, उपर्णा एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन, तलवार रास, माखन चोर लीला, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित लघु नाटिका, श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग, राजस्थानी एवं देशभक्ति लोकनृत्य, पहलगाम घटना पर आधारित नाटक, शिशु वाटिका के बच्चों की 'चिड़ियाघर की सैर' प्रस्तुति तथा बेटियों की शिक्षा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति एवं शिक्षाप्रद कविताओं ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम के दौरान 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। पाथेय कण सदस्यता अभियान में 100 से अधिक सदस्य बनाने पर अधिवक्ता सुनील जोशी का सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी भाषाओं का ज्ञान जरूरी है, लेकिन हिंदी और संस्कृत भाषा पर विशेष गर्व होना चाहिए।

समारोह में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, भारत विकास परिषद अध्यक्ष डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, ओम मेड़तिया, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, पूर्व पालिकाध्यक्ष विनोद कुमार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा एवं पूर्व सरपंच चांदमल जैन सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, माताएं एवं बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निशा राठौड़ एवं माया टेलर ने किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आंगनबाड़ी केन्द्र के आसपास गंदगी से बढ़ी परेशानी, कचरा पात्र लगाने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



बरूंदनी क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के आसपास कचरा जमा होने से गंदगी फैल रही है। केन्द्र पर आने वाले छोटे बच्चों, महिलाओं एवं स्थानीय लोगों को बदबू और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कचरे के कारण संक्रमण एवं मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

इसके अलावा केन्द्र जाने वाले मार्ग पर कांटेदार वृक्ष की टहनियां एवं मलबा पड़े होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। छोटे बच्चों को चोट लगने का डर बना रहता है। वार्ड पंच शिव प्रकाश भट्ट ने बताया कि समस्या की सूचना पंचायत प्रशासन को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से जल्द सफाई करवाने, कचरा हटाने, मार्ग से कांटेदार टहनियां कटवाने तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के पास स्थायी कचरा पात्र लगाने की मांग की है, ताकि बच्चों और महिलाओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# बड़ला महाविष्णु यज्ञ में लगाई 50 हजार आहुतियां

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती जाटों का बड़ला गांव में सोपुरा जाटों का रोड़ पर स्थित बन्नी के देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहे, पांच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री महाविष्णु यज्ञ के तीसरे दिन विष्णु सहस्त्रनाम की 50 हजार आहुतियां लगाई गई । ग्रामीण मुकेश जाट ने बताया कि बन्नी के देवनारायण मंदिर में देवनारायण भगवान व भैरुनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री महाविष्णु यज्ञ की शुरुआत रविवार को कलशयात्रा के साथ हुई । तीसरे दिन मंगलवार को प्रातः 8:15 बजे स्थापित देवी देवताओं का आहवान कर पूजा-अर्चना की । मूर्तियो का शर्कराधिवास, अन्नाधिवास एवं धान्याधिवास, घृताधिवास किया गया । वही आचार्य पंडित लादूलाल दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 25 जोड़ों ने हवन कुंड में विष्णु सहस्त्रनाम की 50 हजार आहुतियां लगाई । 14 मई गुरुवार को देवनारायण भगवान और भैरु नाथ की मूर्ति स्थापना होगी ।।

# ग्राम रथ के माध्यम से जन-जन तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी, सवाईपुर, बड़ला, बनकाखेड़ा, रेड़वास में आयोजित हुए कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जहाजपुर कोटडी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में ग्राम रथों के माध्यम से जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया । ग्राम रथ का आगमन ग्राम पंचायत सवाईपुर, बड़ला, बनकाखेड़ा एवं रेड़वास क्षेत्र में हुआ, जहां ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई । इस दौरान जहाजपुर कोटड़ी रथ प्रभारी सोहनलाल आंजना, मंडल अध्यक्ष व विधानसभा रथ संयोजक प्रहलाद सेन, बहादुर सिंह सहायक विकास अधिकारी, पियूष त्रिवेदी सहायक कृषि अधिकारी, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, बनकाखेड़ा प्रशासक रामू देवी गाड़री, सवाईपुर पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी देवराज जाट, हिरालाल जाट, चंद्र प्रकाश गाड़री, पटवारी दीपा राठौड़, रामकुमार जाट, जगन्नाथ बलाई, शैतान सिंह, आदि कई मौजूद रहे ।।

# विश्व नर्सेज दिवस पर 151 नर्सिंगकर्मी सम्मानित, रक्तदान शिविर में दिखा उत्साह






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नर्सेज संगठन के बैनर तले जिला स्तरीय विश्व नर्सेज दिवस समारोह मंगलवार को एमजीएच परिसर स्थित आईएमए हॉल में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के पदचिह्नों पर चलने के संकल्प के साथ आयोजित समारोह में जिलेभर के नर्सिंगकर्मियों का सम्मान किया गया तथा रक्तदान शिविर एवं विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम है। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान भीलवाड़ा मॉडल की चर्चा करते हुए कहा कि संकट के समय जिला प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के बेहतर समन्वय ने संक्रमण की चेन तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि आज भी आपदा प्रबंधन की चर्चा में भीलवाड़ा का नाम गर्व से लिया जाता है।

कार्यक्रम में जिलेभर से चयनित 151 नर्सिंगकर्मियों को उनके उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

समारोह का संचालन नर्सेज संगठन के संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज एवं जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने सेवा कार्य में धैर्य, आत्मिक शांति और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला।

इससे पूर्व मंगलवार सुबह महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में स्थापित फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक, भाजयुमो नेता कुलदीप शर्मा, बनवारीलाल सोनी एवं एलएनजे ग्रुप ओएसडी रजनीश वर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। प्रशांत मेवाड़ा ने नर्सिंगकर्मियों को समय पर वेतन दिलाने, नर्सेज भवन उपलब्ध कराने एवं रिक्त पद भरवाने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. वर्षा सिंह, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़, डॉ. शंकरलाल माली, बनवारीलाल सोनी एवं पूर्व नर्सिंग अधीक्षक दिनेश सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आरएनए मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज, आरएनयू जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट, आरएनए जिलाध्यक्ष नारायण माली, राजेश लक्षकार, कमलेश शर्मा, नीरज औदिच्य, शंकरलाल पायक, सांवरमल सोनी, गिरिराज लढा, अमित व्यास, लालसिंह राठौड़, सिराज खान कायमखानी, निरंजन चम्पावत, ललित जीनगर, करण सिसोदिया, अंकित काबरा, दिनेश खटीक, कुलदीप जीनगर, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जैन सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षक ने किया शिक्षा विभाग और समाज का नाम रोशन, सादगीपूर्ण विवाह बना प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

आज के दौर में जहां शादी-विवाह में दिखावे, फिजूलखर्ची और दहेज प्रथा का प्रचलन लगातार बढ़ता जा रहा है, वहीं शक्करगढ़ निवासी शिक्षक सुनील कुमार रेगर ने सादगीपूर्ण विवाह कर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है।

शक्करगढ़ निवासी सुनील कुमार रेगर (व्याख्याता), पुत्र कैलाशचंद रेगर (वरिष्ठ अध्यापक) ने डिग्गी (टोंक) निवासी किरण वर्मा (संगणक), पुत्री प्रकाश वर्मा (सेवानिवृत्त लेखाधिकारी) के साथ 10 मई 2026 को बेहद सादगी और सामाजिक संदेश के साथ विवाह संपन्न किया।

इस विवाह की सबसे खास बात यह रही कि विवाह समारोह में मात्र 5 बाराती शामिल हुए तथा वर पक्ष द्वारा केवल



श्रीफल और 1 रुपया स्वीकार किया गया। विवाह में न दहेज लिया गया, न पहरावणी की रस्म निभाई गई और न ही बैंड-बाजे, स्टेज व अन्य दिखावटी कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों परिवारों ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपनाते हुए सादगी, समानता और सामाजिक सुधार का संदेश दिया।

इस अनूठे विवाह की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे शिक्षित और जागरूक परिवार समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। खासकर युवाओं को यह संदेश दिया गया कि विवाह जीवन का पवित्र बंधन है, इसे दिखावे और आर्थिक बोझ का माध्यम नहीं बनाना चाहिए।

समाज के प्रबुद्धजनों ने कहा कि यदि युवा पीढ़ी ऐसे विचार अपनाए तो दहेज प्रथा, फिजूलखर्ची और सामाजिक प्रतिस्पर्धा जैसी कुरीतियों पर रोक लग सकती है। एक शिक्षक परिवार द्वारा प्रस्तुत यह उदाहरण शिक्षा विभाग के साथ-साथ पूरे समाज के लिए गर्व की बात है।

यह विवाह केवल दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, समानता और सादगी का प्रेरणादायी संदेश बनकर सामने आया है।

# ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर ही जीवन की उलझनों से मुक्ति संभव : संत ग्यारसीलाल

## मुणपुरा ग्राम में निरंकारी सत्संग आयोजित, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

निकटवर्ती मुणपुरा ग्राम में निरंकारी सत्संग का आयोजन महात्मा दुर्गालाल के आवास पर विशेष सत्संग के रूप में किया गया। कार्यक्रम भीलवाड़ा मुखी एवं ब्रह्मज्ञानी महात्मा ग्यारसीलाल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।सत्संग को संबोधित करते हुए महात्मा ग्यारसीलाल ने सद्गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सद्गुरु वही है जो सत्य का बोध कराकर तत्वज्ञान प्रदान करता है तथा मन के सभी भ्रमों को दूर करता है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु न केवल सही मार्ग दिखाता है, बल्कि भटकी हुई आत्मा को मंजिल तक पहुंचाने का कार्य भी करता है। उनके अनुसार सद्गुरु सर्वसमर्थ होता है और उसके समान कोई दूसरा दाता नहीं हो सकता।





उन्होंने कहा कि जब भक्त सद्गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर उसके बताए मार्ग पर चलता है, तभी जीवन की उलझनों से मुक्ति संभव हो पाती है। प्रभु परमात्मा की असीम शक्ति से जुड़ने पर व्यक्ति के जीवन में विशालता, विनम्रता और प्रेम की भावना विकसित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि भक्ति का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। सत्संग के दौरान महात्मा ग्यारसीलाल ने उपस्थित साध-संगत को वचनों स्वरूप आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर महात्मा सुखदेव, मुकेश कुमार, राजकुमार, भोपाल, ओमप्रकाश, शंकरलाल सहित अन्य संतगण उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक में संगठन विस्तार और बूथ मजबूती पर जोर

## 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' के मंत्र के साथ कार्यकर्ता मैदान में उतरें : संजय जैन ताऊ





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला पदाधिकारियों एवं विधानसभा संयोजकों की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक जिला संगठन प्रभारी संजय जैन ताऊ के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी एवं कन्हैयालाल जाट के सान्निध्य में सम्पन्न हुई।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में संगठन की गतिविधियों, विभिन्न अभियानों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी संजय जैन ताऊ ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी मंडल से लेकर शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए आगामी चुनावों में भाजपा को विजय दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का विशेष महत्व है और प्रत्येक कार्यकर्ता की पहचान संगठन से जुड़ी हुई है। इसलिए पदाधिकारी संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी की भावना रखते हुए कार्यकर्ताओं में भी यही भाव विकसित करें।

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने संगठन में नवाचार करते हुए आपसी संवाद, समन्वय और सामंजस्य बढ़ाने के उद्देश्य से नियमित बैठकों की व्यवस्था लागू की है। इसके तहत प्रत्येक माह 1 से 7 तारीख के बीच मंडल स्तर पर तथा 8 से 15 तारीख के बीच जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में संगठन विस्तार के तहत शक्ति केंद्रों की संख्या 296 से बढ़ाकर लगभग 535 की जाएगी। साथ ही 39 मंडलों की गतिविधियों और व्यवस्थाओं के लिए 16 मंडल पालकों की नियुक्ति की गई है। शक्ति केंद्रों को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए मंडल पदाधिकारियों को शक्ति केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। बैठक में जिला पदाधिकारियों एवं विधानसभा संयोजकों की पार्टी के सरल एप पर जीपीएस आधारित ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई गई। साथ ही सोशल मीडिया एवं सरल एप के उपयोग को लेकर तकनीकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान मन की बात अभियान एवं जिले में संचालित ग्राम विकास रथ अभियान को लेकर भी चर्चा की गई।

# भीषण गर्मी में राहत देगा श्री संकटमोचन मंदिर का विशाल छाछ वितरण कार्यक्रम

## 16 मई को होगा वितरण कार्यक्रम आयोजित ,10 हजार लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जेठ माह की भीषण गर्मी और तेज लू से आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हेड पोस्ट ऑफिस के पास स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की ओर से 16 मई, शनिवार को विशाल निःशुल्क शीतल छाछ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंदिर परिसर के बाहर होने वाले इस सेवा कार्य में हजारों लोगों को ठंडी छाछ वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम मंदिर के महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज के सानिध्य एवं प्रेरणा से आयोजित होगा। सुबह 10 बजे विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंगलाचार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं आमजन को सरस डेयरी की शीतल छाछ वितरित की जाएगी।

गौभक्त विधायक अशोक कोठारी ने बताया कि छाछ वितरण के लिए सरस डेयरी से करीब 5 हजार लीटर क्षमता का विशेष टैंकर मंदिर परिसर पहुंचेगा। आयोजन समिति के अनुसार इस सेवा कार्य के माध्यम से 10 हजार से अधिक लोगों को छाछ पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर परिसर में व्यापक स्तर



पर तैयारियां की जा रही हैं ताकि बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को व्यवस्थित रूप से सेवा उपलब्ध करवाई जा सके। इस सेवा कार्य में महावीर अग्रवाल, रमेश बंसल, सांवरमल बंसल सहित अनेक भक्तजन एवं समाजसेवी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। वहीं आयोजन व्यवस्थाओं में हेमंत पुरी, दीपक सिंधी, मुकेश मनिहार, गगन जैन, दिलीप कोगटा, अमित डागा, गजानंद बजाज, पीयूष डाड, कन्हैयालाल स्वर्णकार, राधेश्याम सोमानी सहित कई कार्यकर्ता जुटे हुए हैंगौरतलब है कि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यों के लिए शहर में विशेष पहचान रखता है। मंदिर में महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज की प्रेरणा से समय-समय पर हनुमान जयंती, जन्माष्टमी, अन्नकूट सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

## QUICK BITES

### वर्षाकाल से पूर्व जलभराव समस्या के समाधान की बड़ी पहल

**विधायक कोठारी की अनुशंषा पर नालों की सफाई हेतु 1 करोड़ रुपये के टेंडर जारी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



शहर में वर्षाकाल के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की अनुशंसा पर व्यापक स्तर पर नालों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर विकास न्यास क्षेत्र में 45 लाख रुपये तथा नगर निगम क्षेत्र में 55 लाख रुपये की लागत से सफाई कार्यों के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। न्यास ने शहर को 4 जोन में बांट कर जोन 1, 2 व 4 प्रत्येक में 10 लाख तथा जोन 3 में 15 लाख के टेंडर जारी किए है।

विधायक कोठारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए समय रहते नालों की सफाई एवं जल निकासी तंत्र को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बारिश के दौरान शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा पूर्व नालों के सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। विधायक कोठारी ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि इस कार्य की प्रभावी निगरानी हेतु राजस्थान प्रशासनिक सेवा के किसी अधिकारी को विशेष जिम्मेदारी सौंपी जाए, जिससे सफाई कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो सके। विधायक कोठारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शहर के संवेदनशील एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर वहां विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही नालों से निकलने वाले गाद एवं कचरे के त्वरित निष्पादन तथा जल निकासी मार्गों को अवरोधमुक्त रखने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से इस बार वर्षाकाल में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### कोटा मेडिकल कॉलेज अस्पताल मामला: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।,





**गर्वित ।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसूताओं की मृत्यु के मामले को लेकर मंगलवार को कोटा के सीएडी सभागार में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली और मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

बैठक में चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। ओम बिरला ने स्पष्ट कहा कि मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अस्पतालों में सख्त एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) और प्रोटोकॉल तैयार किए जाएं। साथ ही संक्रमण नियंत्रण, साफ-सफाई और चिकित्सा व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (एम्स दिल्ली) एवं अन्य केंद्रीय चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ कोटा और बूंदी के अस्पतालों का दौरा करेंगे। विशेषज्ञ टीम ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण रोकने, अस्पताल प्रबंधन में सुधार और आवश्यक व्यवस्थागत बदलावों को लेकर सुझाव देगी।

इसके अलावा संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं, जो संभाग के सभी अस्पतालों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कमियों को दूर करने के लिए रोडमैप तैयार करेगी।

लोकसभा अध्यक्ष ने अस्पतालों में नर्सिंग सेवाओं, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों के प्रति आमजन का विश्वास बनाए रखना प्रशासन और चिकित्सा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### बालिकाओं को पोक्सो एक्ट व गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नागेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निर्देशानुसार मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों में बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में छात्राओं को पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, गुड टच-बैड टच सहित महिला सुरक्षा एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय समेलिया एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर बालिका आवासीय विद्यालय आटूण में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने बालिकाओं को कानून संबंधी जानकारी देते हुए यौन शोषण, छेड़छाड़ एवं ऑनलाइन अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों की कानूनी प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनिता शर्मा ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं भावनात्मक सशक्तिकरण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सकारात्मक सोच, आत्मसुरक्षा एवं जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए जागरूक किया। सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की सेवाओं की जानकारी देते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही सामाजिक संवाद, पारिवारिक सहयोग एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर भी चर्चा की गई।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।